Shah Times
27-11-2022

संविधान दिवस पर एफआरआई निदेशक ने दिलाई शपथ

देहरादून। केन्द्र सरकार की ओर से भारत के नागरिकों के बीच संविधान के महत्व का प्रसार करने और डॉ भीमराव अम्बेडकर के विच. ारों का प्रसार करने के लिए प्रति 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। शनिवार को वन अनुसंधान संस्थान के मुख्य भवन के दीक्षान्तगृह में वन अनुसंधान संस्थान निदेशक, डा. रेनू सिंह ने भारत के संविधान के महत्व का संस्थान कर्मियों के समक्ष उल्लेख किया व इसके अनुपालन की शपथ दिलाई। इस अवसर पर संस्थान के अधिकारी, वैज्ञानिक व कर्मचारी मौजूद थे।

Janbharat Mail
27-11-2022

आज दिनांक 26 नवम्बर, 2022 को वन अनुसंधान संस्थान के मुख्य भवन के दीक्षान्तगृह में वन अनुसंधान संस्थान निदेशक, डा0 रेनू सिंह ने भारत के संविधान की उद्देशिका का संस्थान कर्मियों के समक्ष उल्लेख किया व इसके अनुपालन की शपथ दिलाई। इस अवसर पर संस्थान के अधिकारी, वैज्ञानिक व कर्मचारी मौजूद थे।

Dainik Jagran
27-11-2022

संविधान के अनुरूप काम करने की शपथ दिलाई

जागरण संवाददाता, देहरादून : वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआइ) में संविधान दिवस मनाया गया और इस अवसर पर निदेशक डा रेणु सिंह ने कार्मिकों को संविधान के अनुरूप काम करने की शपथ दिलाई शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में एफआरआइ की निदेशक डा. रेणु सिंह ने संविधान दिवस की महत्ता के उद्देश्य के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भारत के नागरिकों के बीच संविधान के महत्व का प्रसार करने और संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर के विचारों को आगे बढाने के लिए संविधान दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कार्मिकों को शपथ दिलाते हुए कहा कि सभी की जिम्मेदारी संविधान के अनुरूप काम करने की है।

Hindustan
27-11-2022

भारत सरकार की ओर से नागरिकों के बीच संविधान का महत्व और डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों का प्रसार करने के लिए हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। इसी उपलक्ष्य में शनिवार को वन अनुसंधान संस्थान में कार्यक्रम हुआ। इस दौरान वन अनुसंधान संस्थान निदेशक डॉ. रेनू सिंह ने कर्मचारियों को भारत का संविधान उद्देशिका के बारे में जानकारी दी और इसके अनुपालन की शपथ भी दिलाई। इस दौरान तमाम अधिकारी, वैज्ञानिक और कर्मचारी मौजूद थे।